तेरा मोरपंख लहराए बाँसुरिया तान सुनाये

तेरा मोरपंख लहराए बाँसुरिया तान सुनाये
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन दिल घायल कर जाए
आये हाय आये हाय

पीला पीताम्बर तेरा लगता सुहाना है
प्यारी मुस्कान पे ज़माना दीवाना है
चितचोर तू दिल को चुराए तेरे बिन ना कुछ भी भाये
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन दिल घायल कर जाए
आये हाय आये हाय

यमुना किनारे गोपी बाँट निहारती
सांवरे कन्हैया तुझको हर दम पुकारती
तोहे नेक तरस ना आये चुप कुंजन में छुप जाए
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन दिल घायल कर जाए
आये हाय आये हाय

जन्म जन्म से प्यारे तू है मेरा सांवरा
तिरछी ये नज़रें तेरी कर गयी हैं बावरा
तेरा रूप सलोना भाये मेरा दिल घायल कर जाए
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन दिल घायल कर जाए
आये हाय आये हाय
तेरा मोरपंख लहराए.............

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/22184/title/tera-morpankh-lehraye-bansuriya-taan-sunaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |